सामुदायिक रेडियो-अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

1. सामुदायिक रेडियो क्या है?

- सामुदायिक रेडियो का आशय है किसी सेवा क्षेत्र में वहां रहने वाले समुदाय के सदस्यों को उनके कार्यक्रमों के प्रसारण की प्रक्रिया में शामिल करके उन समुदायों की सेवा के उद्देश्यार्थ रेडियो प्रसारण करना।

- इसके तहत कम खर्चीले, बैटरी चालित सुवाह्य रिसीविंग सेटों के माध्यम से प्रसारण करने का अनूठा लाभ होता है।

2. सामुदायिक श्रोतागण कौन हैं?

- सामुदायिक श्रोतागण का आशय सामुदायिक रेडियो स्टेशनों के कवरेज क्षेत्र अर्थात् लाइसेंसधारी के प्रसारण सेवा क्षेत्र में रहने वाले लोग हैं और जिनकी विषय-वस्तु में रूचि हो।

3. कौन सामुदायिक रेडियो स्टेशनों के संचालन की मंजूरी प्राप्त करने के बावत आवेदन करने हेतु पात्र हैं?

(i) नीचे दिए गए पैरा 3(ii) में उल्लिखित सिद्धांतों का अनुपालन करने वाले निम्नलिखित श्रेणी के संस्थान/संगठन आवेदन करने हेतु पात्र हैं :-

क. नागरिक समाज तथा सोसाइटीज अधिनियम के तहत पंजीकृत स्वैच्छिक संगठनों जैसे 'अलाभकारी' संगठन और आवेदन करते समय जिनका स्थानीय समुदाय को कम से कम तीन वर्ष की सेवा प्रदान करने का प्रमाणित रिकार्ड रहा हो।

ख. राज्य कृषि विश्वविद्यालय (एसएयू), आईसीएआर संस्थाएं और कृषि विज्ञान केन्द्र।

ग. सुस्थापित शैक्षणिक संस्थाएं।

(ii) पात्रता शर्तें

- इसका गठन स्पष्ट रूप से एक अलाभकारी संगठन के रूप में किया जाना चाहिए और समुदायों को कम से कम तीन वर्ष की सेवा प्रदान करने का प्रमाणित रिकार्ड होना चाहिए।

- इसके द्वारा सृजित किये जाने वाले सीआरएस की डिजाइन इस प्रकार होनी चाहिए कि यह एक विशिष्ट सुस्पष्ट स्थानीय समुदाय को सेवा प्रदान कर सके।

- इसके तहत स्वामित्व एवं प्रबंधन की एक ऐसी संरचना होनी चाहिए जो उस समुदाय को परिलक्षित कर सके जिसे सीआरएस सेवा प्रदान करना चाहता है।

- प्रसारण हेतु कार्यक्रम समुदाय की शैक्षणिक, विकासात्मक, सामाजिक तथा सांस्कृतिक जरूरतों के लिए प्रासंगिक होने चाहिए।

- इसका एक विधिक स्वरूप अवश्य होना चाहिए अर्थात् यह सोसाइटीज अधिनियम अथवा इस प्रयोजनार्थ किसी अन्य प्रासंगिक अधिनियम के तहत पंजीकृत होना चाहिए और आवेदन के समय समुदायों को कम से कम तीन वर्षों की सेवा प्रदान करने का प्रमाणित रिकार्ड होना चाहिए।

4. सामुदायिक रेडियों स्टेशन स्थापित करने हेतु अनुमति प्राप्त करने की प्रक्रिया क्या है?

- नीति संबंधी दिशानिर्देश तथा आवेदन प्रपत्र मंत्रालय की वेबसाइट: www.mib.nic.in पर उपलब्ध है अथवा लिखित रूप से अनुरोध करके प्राप्त किया जा सकता है। पात्र संगठन 2500/-रू. की प्रोसेसिंग फीस के साथ आवेदन कर सकते हैं।

5. फीस कितनी है?

- आवेदक द्वारा अनुमति मंजूरी करार (जीओपीए) पर हस्ताक्षर करते समय 25000/-रू; की बैंक गारंटी को छोड़कर कोई अन्य शुल्क सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय को नहीं देना पड़ता है।

- हालांकि, संगठन को संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के डब्ल्यूपीसी विंग को फ्रीक्वेंसी आबंटन, फ्रीक्वेंसी आबंटन अनुमति संबंधी स्थायी समिति और बेतार संचालन लाइसेंस (डब्ल्यूओएल) आदि उचित शुल्क का भुगतान करना होगा। इसका ब्यौरा उनकी वेबसाइटः www.wpc.dot.govt.in से प्राप्त किया जा सकता है।

6. सीआरएस हेतु आवेदन पर किस प्रकार कार्रवाई की जाएगी?

- विश्वविद्यालयों/सम-विश्वविद्यालय अथवा सरकार द्वारा संचालित शैक्षणिक संस्थाओं को अनुमोदन हेतु सचिव, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की अध्यक्षता में गठित अंतर-मंत्रालयीय समिति के समक्ष मामला प्रस्तुत करके एक सिंगल विंडो क्लियरेंस प्राप्त करना होगा। तत्पश्चात्, एक सामुदायिक रेडियो संचालित करने की अनुमति प्राप्त करने के बावत एक आशय पत्र जारी किया जाएगा।
- निजी शैक्षणिक संस्थाओं सहित सभी अन्य आवेदकों के मामले में आशय पत्र तभी जारी किए जाएंगे जब गृह मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय तथा मानव संसाधन विकास मंत्रालय (निजी शैक्षणिक संस्थाओं के मामले में) से अनुमति प्राप्त हो जाए और संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के डब्ल्यूपीसी विंग द्वारा फ्रीक्वेंसी का आबंटन कर दिया जाए।

7. आवेदन पर कार्रवाई करने और आशय पत्र जारी करने हेतु निर्धारित समय-सीमा क्या है?

आवेदन पर निम्नलिखित तरीके से कार्रवाई की जाती है :-

- निर्धारित प्रपत्र में आवेदन प्राप्ति के एक माह के भीतर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय उस आवेदन पत्र पर कार्रवाई करेगा और या तो आवेदक को कमियों, यदि कोई हों, के बारे में सूचित करेगा अथवा क्लियरेंस हेतु इस आवेदन को अन्य संबंधित मंत्रालयों के पास भेजेगा। यदि तीन माह के भीतर उत्तर/क्लियरेंस प्राप्त नहीं होता है, तो इसे क्लियरेंस हेतु अंतर-मंत्रालयी समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

- गृह मंत्रालय, रक्षा एवं मानव संसाधन विकास मंत्रालय (निजी शैक्षणिक संस्थाओं के मामले में) से क्लियरेंस प्राप्त होने पर, सूचना एवं प्रसारण

मंत्रालय में ही इस पर कार्रवाई की जाएगी और सीआरएस संचालित करने के बावत अनुमति प्रदान करने हेतु आशय पत्र जारी किए जाएंगे।

- सरकार द्वारा संचालित शैक्षणिक संस्थाओं के मामले में इसे क्लियरेंस हेतु सीधे ही अंतर-मंत्रालयी समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

8.(क) आशय पत्र प्राप्त होने पर कौन-कौन सी कार्रवाई की जाएगी?

- आशय पत्र को जारी करने के बाद एक माह के भीतर पात्र आवेदक से यह अपेक्षा होगी वह पंजीकरण शुल्क के साथ और निर्धारित फार्मेट में डब्ल्यूपीसी विंग, सूचना एवं संचार मंत्रालय, संचार भवन को फ्रीक्वेंसी और एसएसीएफए अनुमति के लिये आवेदन करे।

(ख) एसएसीएफए क्लियरेंस आदि क्या है?

- एसएसीएफए, संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (संचार भवन, 20, अशोका रोड, नई दिल्ली) की फ्रीक्वेंसी आबंटन हेतु एक स्थायी सलाहकार समिति है जिसकी अनुमति किसी प्रसारण ट्रांसमीटर के संचालन हेतु आवश्यक है।
- एसएसीएफए जारी करने हेतु आवेदन की तिथि से छः माह की समय-सीमा निर्धारित की गई है और इस समय-सीमा के भीतर क्लियरेंस न मिलने पर इसे अंतर-मंत्रालयी समिति के पास भेजा जाता है।

9. अनुमति मंजूरी करार (जीओपीए) पर कब हस्ताक्षर करना होता है?

- एसएसीएफए क्लियरेंस प्राप्त होने के बाद आशय पत्र धारी को जीओपीए पर हस्ताक्षर करने के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

- आशय पत्र धारी भी जीओपीए पर हस्ताक्षर करने से पहले इसके साथ निर्धारित प्रपत्र में 25000/-रू. की बैंक गारंटी भी संलग्न करेंगे।

- जीओपीए आशय पत्र धारी को संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के डब्ल्यूपीसी विंग से बेतार संचालन लाइसेंस प्राप्त करने हेतु सक्षम बनाता है।

10. सीआरएस संचालन की वैधता बनाए रखने हेतु जीओपीए संबंधी महत्वपूर्ण निबंधन व शर्तें क्या हैं?

- अनुमति/लाइसेंस 5 वर्ष की अवधि के लिए होगी, बशर्ते इसकी शर्तों के उल्लंघन/अतिलंघन के कारण इसे पहले ही समाप्त न कर दिया गया हो।

- जीओपीए अहस्तारणीय होंगे।

- अनुमतिधारी से किसी प्रकार का अनुमति शुल्क नहीं लिया जाएगा। तथापि, अनुमतिधारी को स्पेक्ट्रम के प्रयोग हेतु शुल्क का भुगतान संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के डब्ल्यूपीसी विंग को करना होगा।

- अनुमतिधारी को सभी क्लियरेंस प्राप्त होने अर्थात् जीओपीए पर हस्ताक्षर करने के बाद तीन माह के भीतर सामुदायिक रेडियो स्टेशन स्थापित करना होगा। आशय पत्र धारी इसकी सूचना, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय को देगा।

- उपर्युक्त निर्धारित समय अनुसूची का अनुपालन न करने पर आशय पत्र/जीओपीए धारी का आशय पत्र/जीओपीए रद्द कर दिया जाएगा और उसकी बैंक गारंटी जब्त कर ली जाएगी।

- सीआरएस हेतु अनुमति प्रदान करना विनियामक प्राधिकरण द्वारा जब कभी भी यह लागू हो, देश में प्रसारण सेवाओं का विनियमन एवं अनुवीक्षण करने के शर्ताधीन है।

- भारत सरकार के पास राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में अथवा युद्ध/आपात स्थिति में संपूर्ण सेवाओं तथा नेटवर्क को अपने कब्जे में लेने का अधिकार सुरक्षित है।

11. सामुदायिक रेडियो से किस प्रकार का कार्यक्रम प्रसारित किया जा सकता है?

- सामुदायिक रेडियो से प्रसारित किए जाने वाले कार्यक्रम समुदायों के लिए प्रासंगिक होने चाहिए और शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण तथा कृषि और ग्रामीण एवं सामुदायिक विकास से संबंधित मुद्दों पर ध्यान केन्द्रित करना चाहिए।

- कम से कम 50 प्रतिशत विषय-वस्तु स्थानीय समुदाय की भागीदारी से सृजित किए जाएंगे, जिस उद्देश्यार्थ स्टेशन की स्थापना की गई है।

- प्रायोजित कार्यक्रमों के प्रसारण की अनुमति नहीं दी जाएगी सिवाय उन प्रायोजित कार्यक्रमों के, जिन्हें केन्द्र तथा राज्य सरकार प्रायोजित करे तथा अन्य संगठनों द्वारा जनहित में प्रसारित सूचनाएं।

- कोई भी ऐसे कार्यक्रम प्रसारित न किया जाए जो समाचार तथा वर्तमान घटनाक्रमों से संबंधित हों और अन्यथा राजनैतिक स्वरूप के हों। विषय-वस्तु विनियमन से संबंधित ब्यौरा नीति दिशानिर्देशों में देखा जा सकता है।

12. क्या सामुदायिक रेडियो स्टेशन विज्ञापनों का प्रसारण कर सकते हैं?

- सीमित विज्ञापनों और स्थानीय घटनाओं, स्थानीय कारोबार तथा सेवाओं और रोजगार के अवसरों के बारे में घोषणाओं की अनुमति दी जा सकती है। इस प्रकार के विज्ञापन हेतु अधिकतम अवधि प्रति एक घंटे के प्रसारण पर पांच मिनट तक सीमित होगी।

13. अनुसरण किए जाने वाले कार्यक्रम एवं विज्ञापन कोड क्या हैं?

- अनुसरण किए जा रहे कार्यक्रम तथा विज्ञापन कोडों और ऑल इंडिया रेडियो द्वारा निर्धारित कोडों का अनुसरण किया जाएगा। अनुमतिधारी यह सुनिश्चित करेंगे कि निम्नलिखित में से कोई भी उनके प्रसारण कार्यक्रमों में शामिल न किया जाए:

  क) जो मर्यादा एवं शालीनता को ठेस पहुंचाएं।

  ख) दोस्ताना राष्ट्रों के बारे में आलोचना न की गई हो।

  ग) धर्मों अथवा समुदायों की भर्त्सना की गई हो अथवा ऐसे दृश्य अथवा शब्द कहे गए हों जो किसी धार्मिक समुदाय के लिए अपमानजनक हों अथवा जो सामुदायिक असंतोष तथा अस्थिरता फैलाएं।

  घ) जिनमें ऐसी कोई बात जो अश्लील, अपमानजनक, जानबूझकर कही गई, मिथ्या तथा व्यंग्यात्मक तथा आधी सच हो।

ङ.) जो हिंसा को भड़काए अथवा उकसाए अथवा जो कानून व्यवस्था के खिलाफ हो अथवा राष्ट्र विरोधी कार्यकलापों को बढ़ावा दे।

च) कोई ऐसी बात जिससे अदालत की अवमानना हो अथवा जिससे देश की अखंडता प्रभावित हो।

छ) राष्ट्रपति/उप-राष्ट्रपति और भारत के न्यायालय के सम्मान के विरूद्ध अपशब्द कह गए हों।

ज) किसी व्यक्ति अथवा समूहों, देश के किसी वर्ग के सामाजिक, सार्वजनिक अथवा नैतिक जीवन की आलोचना करें, उसकी भर्त्सना करें।

झ) अंधविश्वास अथवा अंधानुकरण को बढ़ावा दे।

ञ) महिलाओं को बदनाम करना।

ट) बच्चों को बदनाम करना।

ठ) नैतिकता, राष्ट्रीयता, जाति, महिला-पुरूष, लैंगिक प्राथमिकता, धर्म, उम्र अथवा भौतिक अथवा मानसिक असमर्थता के आधार पर किसी व्यक्ति अथवा समूह को उकसाए, झूठे निंदा करे, उनके विरूद्ध नफरत पैदा करे।

14. प्रसारित कार्यक्रम हेतु प्रतिधारण अवधि क्या है?

- आशय पत्र धारी को सीआरएस द्वारा प्रसारित कार्यक्रमों को उसके प्रसारण तिथि से 3 माह तक सुरक्षित रखना होगा।

15. सीआरएस का वित्तपोषण किस प्रकार किया जाएगा?

- आवेदक बहुपक्षीय सहायता एजेंसियों से वित्तपोषण की मांग कर सकता है।
- सीआरएस स्थापित करने हेतु विदेशी निधियों की मांग करने वाले आवेदक को विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम, 1976 के तहत एफसीआरए क्लियरेंस प्राप्त करनी होगी।

- **विज्ञापनों तथा उद्घोषणाओं से सृजित राजस्व का उपयोग सीआरएस के केवल प्रचालनात्मक तथा पूंजीगत व्यय के लिए किया जा सकता है।**

- अनुमतिधारी द्वारा सरकार को अपने लेखापरीक्षित वार्षिक लेखाओं को प्रस्तुत करना अपेक्षित होगा जिसमें सीआरएस से संबंधित आय, व्यय, परिसम्पत्तियों तथा देयताओं का उल्लेख हो।

तकनीकी पैरामीटर

16. एक विशिष्ट प्रकार की सामुदायिक रेडियो ट्रांसमीटर प्रणाली के तकनीकी पैरामीटर क्या-क्या हैं?

- सामुदायिक रेडियो स्टेशन का उद्देश्य 5-10 किमी. के क्षेत्र को कवर करना है।
- इफेक्टिव रेडिएटेड पावर (ईआरपी) 100 वाट विनिर्दिष्ट है। तथापि, विशेष मामलों में 250 वाट तक की ईआरपी पर विचार किया जा सकता है बशर्ते दिशानिर्देशों में निर्धारित शर्तों का अनुपालन हो।
- टावर की ऊंचाई अधिकतम 30 मीटर तक की अनुमति दी जाती है और न्यूनतम ऊंचाई 15 मीटर निर्धारित की गई है ताकि रेडियो फ्रीक्वेंसी विकिरण के खतरे से बचा जा सके।

17. एक सामुदायिक रेडियो के प्रमुख घटक कौन-कौन से हैं?

(i) ट्रांसमीटर।

(ii) टावर पर लगे फीडर केबल के साथ एंटीना।

(iii) रिकार्डिंग तथा प्लेबैक उपकरण सहित स्टूडियों उपकरण

(iv) स्टूडियो कन्सोल/मिक्सर

(v) मॉनीटरी उपस्कर

18. सामुदायिक रेडियो स्टेशन कहां स्थापित किए जा सकते हैं?

- शैक्षणिक संस्थाओं के मामले में सामुदायिक रेडियो कैम्पस में स्थापित किया जा सकता है।
- गैर-सरकारी संगठनों तथा अन्यों को उनके ट्रांसमीटर, एंटीना आदि उस समुदाय जिन्हें वे सेवा प्रदान करना चाहते हैं, के भौगोलिक क्षेत्र के मध्य में स्थापित करना होगा।

19. एक विशिष्ट सामुदायिक रेडियो स्टेशन स्थापित करने के लिए अनुमानित लागत कितनी होगी?

बाजार में कई प्रकार के मॉड्यूल उपलब्ध हैं। हालांकि, निम्नलिखित पूंजी लागत वाले कुछ मॉड्यूल अनुलग्नक-। में दिए गए हैं। दर्शाए गए मूल्य परामर्श शुल्क आदि को छोड़कर हैं।

(क) पूंजी लागत 6 लाख रू.
(ख) पूंजी लागत 10 लाख रू.
(ग) पूंजी लागत 16 लाख रू.
(घ) पूंजी लागत 20 लाख रू.
(ड.) पूंजी लागत 25 लाख रू.
(च) पूंजी लागत 11 लाख रू.
(छ) पूंजी लागत 27 लाख रू.

18. वे कौन-कौन सी एजेंसियां हैं जो भारत में सामुदायिक रेडियो स्टेशन स्थापित करने में मदद कर सकती हैं?

बाजार में कई विक्रेता मौजूद हैं। हालांकि, निम्नलिखित एजेंसियां मदद कर सकती हैं :

क) ब्रॉडकास्ट इंजीनियरी कंसलटेंट्स इंडिया लिमिटेड,
मुख्य कार्यालय : 14-बी, रिंग रोड,
इंद्रप्रस्थ इस्टेट,
नई दिल्ली-110002.
(संपर्क किए जाने वाले व्यक्ति : श्री के.आर.पी. वर्मा, सीएमडी, टेलीफोन : 23378823/24).

ख) एआईआर रिसोर्सेस,
प्रसार भारती, डीजी, एआईआर
आकाशवाणी भवन, पार्लियामेंट स्ट्रीट,
नई दिल्ली-110001.
(संपर्क किए जाने वाले व्यक्ति : श्री आई.एस. मेहला, जी.एम. (वाणि.)

टेलीफोन : 23421187)

<u>अनुलग्नक-I</u>

(क) 6.0 लाख का सीआर एस पैकेज

क्र.सं.	उपकरण	मात्रा	अंतरिम लागत
	ट्रांसमीटर उपस्कर		
1	50 वाट वीएचएफ एफएम ट्रांसमीटर	1 सेट	3 लाख रू.
2	**डमी लोड**	1	
3	कम शक्तियुक्त वीएचएफ एंटीना	1	
4	आरएफ केबल (आरजी 213)	50 मीटर	
5	1 केवीए ऑनलाइन यूपीएस सिस्टम जिसमें 15 मिनट बैकअप वाली मेंटेनेंस फ्री बैटरी लगी हो	1	
6	15-30 मीटर ऊंचा खंभा	1	
	स्टूडियो उपस्कर		
1	कमर्शियल एनालॉग ट्रांसमिशन-सह-रिकार्डिंग स्टीरियों कंसोल	1	3.0 लाख रू.
2	कमर्शियल सीडी प्लेयर	2	
3	स्टूडियो मॉनीटरी हेड फोन	1	
4	टेबल स्टैंड सहित सर्वदिशात्मक माइक्रोफोन (कण्डेन्सर प्रकार का)	1	
5	एक दिशात्मक माइक्रोफोन, स्टैंड सहित (कण्डेन्सर प्रकार का)	1	
6	कमर्शियल स्टीरियो कैसेट प्लेयर तथा रिकार्डर	1	
7	ऑन एअर लैम्प, रिले सहित	1	
8	विविध केबल तथा कनेक्टर्स	3	
9	विविध फर्नीचर	1 सेट	
10	रेडियो लॉगर उपकरण	1 सेट	
(i)	अधिष्ठापन, परीक्षण, प्रचालन	1 लॉट	अतिरिक्त
(ii)	हार्डवेयर तथा सॉफ्टवेयर प्रशिक्षण	1 लॉट	अतिरिक्त
(iii)	परामर्शदात्री शुल्क	1 लॉट	अतिरिक्त

(ख) <u>10.00 लाख रू. का सीआरएस पैकेज</u>

क्र.सं.	उपकरण	मात्रा	अंतरिम लागत
	ट्रांसमीटर उपस्कर		
1	50/100 वाट क्षमता वाला वीएचएफ एफएम ट्रांसमीटर	1 सेट	4 लाख रू.
2	**डमी लोड**	1	
3	कम क्षमता वाला वीएचएफ एंटीना	1	
4	आरएफ केबल (आरजी-213)	40 मीटर	
5	1 केवीए ऑनलाइन यूपीएस सिस्टम जिसमें 30 मिनट बैकअप वाली मेंटेनेंस-फ्री बैटरी लगी हो	1	
6	30 मीटर स्तंभ/गैड मास्ट	1	
	स्टूडियो उपस्कर		
1	एनालॉग ट्रांसमिशन-सह-रिकार्डिंग स्टीरियों कंसोल	1	6.0 लाख रू.
2	सेमी प्रोफेशनल ग्रेड रैंक माउंटेबल सीडी प्लेयर	2	
3	फोन-इन-प्रोग्राम कंसोल	1	
4	स्टीरियो मॉनीटरिंग	1	
5	एंप्लिफायर्स	2	
6	स्टूडियो मॉनीटरिंग हेड फोन	2	
7	टेबल स्टैंड सहित सर्वदिशात्मक माइक्रोफोन (कंडेन्सर प्रकार का)	2	
8	सेमी प्रोफेशन स्टीरियो कैसेट प्लेयर तथा रिकार्डर	1	
9	ऑन एअर लैम्प, रिले सहित	1	
10	विविध केबल तथा कनेक्टर्स	1 सेट	
11	लाउड स्पीकर (सुमेल जोड़ा)	1 सेट	
12	इमरजेंसी लाइटें	1 सेट	
13	क्वाट्र्ज घड़ियां	1 सेट	
14	पैच कॉर्ड (मोनो)	3 सेट	
15	19" उपकरण रैक (आधा)	1	
16	एअर कंडीशनर	1	
17	विविध फर्नीचर	एलएस	
18	रेडियो लॉगर उपस्कर	1 सेट	

(i)	अधिष्ठापन, परीक्षण, प्रचालन	1 लॉट	अतिरिक्त
(ii)	हार्डवेयर तथा सॉफ्टवेयर प्रशिक्षण	1 लॉट	अतिरिक्त
(iii)	परामर्श शुल्क	1 लॉट	अतिरिक्त

(ग) <u>16 लाख रू. का सीआरएस पैकेज</u>

<u>क्र.सं.</u>	<u>उपकरण</u>	<u>मात्रा</u>	<u>अंतरिम लागत</u>
	ट्रांसमीटर उपस्कर		
1	50/100 वाट वीएचएफ एफएम ट्रांसमीटर(1+1 संरूपण) एक मानक 19" उपकरण रैक पर स्थापित ऑटो चेंजओवर यूनिट सहित	1 सेट	6 लाख रू.
2	**डमी लोड**	1	
3	लो पावर टू बे वीएचएफ एंटीना	1	
4	आरएफ केबल (आरजी-213)	50 मीटर	
5	1 केवीए यूपीएस, 30 मिनट बैकअप के साथ मेंटेनेंस-फ्री बैटरी सहित	1	
6	विंडो एअर कंडीशनर	1	
7	30 मीटर स्तंभ/गेड मास्ट	1	
	स्टूडियो उपस्कर		
1	एनालॉग ट्रांसमिशन-सह-रिकार्डिंग स्टीरियो कंसोल	1	7.0 लाख रू.
2	प्रोफेशनल ग्रेड रैक माउंटेबल सीडी प्लेयर	2	
3	फोन-इन-प्रोग्राम कंसोल	1	
4	ऑन एअर सॉफ्टवेयर समेत पीसी ऑडियो वर्क स्टेशन	1 सेट	
5	एफएम ट्यूनर	1	
6	स्टीरियो मॉनीटरी एंप्लिफायर्स	2	
7	स्टीरियो डिस्ट्रिब्यूशन एंप्लिफायर	1	
8	स्टूडियो मॉनीटरी हेड फोन	2	
9	टेबल स्टैंड सहित बहु-दिशात्मक माइक्रोफोन (कंडेन्सर प्रकार का)	2	
10	एक दिशात्मक माइक्रोफोन (कंडेन्सर प्रकार का)	2	

11	सेमी प्रोफेशनल स्टीरियो कैसेट प्लेयर तथा रिकार्डर	1	
12	रिले सहित ऑन एअर लैम्प	2	
13	विविध केबल तथा कनेक्टर्स	1 सेट	
14	लाउड स्पीकर (समरूप जोड़ा)	2 सेट	
15	इमरजेंसी लाइटें	2 सेट	
16	क्वार्ट्ज घड़ियां	2 सेट	
17	पैच कॉर्ड्स (मोनो)	5 सेट	
18	19" उपकरण रैक (आधा)	1	
19	डिजीटल मल्टीमीटर	1	
20	कम्पनरोधी माइक होल्डर सहित उद्घोषणा माइक हेतु 36" बूम स्टैंड	1	
21	एअर कंडीशनर्स	2	
22	विविध फर्नीचर	एलएस	
23	रेडियो लॉगर उपकरण	1 सेट	
24	1 केवीए यूपीएस, 30 मिनट बैकअप वाली मेंटेनेंस-फ्री बैटरी के साथ	1	
25	एकॉस्टिक ट्रीटमेंट	1 लॉट	3.0 लाख रू.
	विविध कार्य/सेवाएं		
(i)	अधिष्ठापन, परीक्षण, प्रचालन	1 लॉट	अतिरिक्त
(ii)	हार्डवेयर तथा सॉफ्टवेयर प्रशिक्षण	1 लॉट	अतिरिक्त
(iii)	परामर्श शुल्क	1 लॉट	अतिरिक्त

(घ) 20.0 लाख रू. का सीआरएस पैकेज

क्र.सं.	उपकरण	मात्रा	अंतरिम लागत
	ट्रांसमीटर उपस्कर		
1	50/100 वाट वीएचएफ एफएम ट्रांसमीटर(1+1 संरूपण) एक मानक 19" उपकरण रैक पर स्थापित ऑटो चेंजओवर यूनिट सहित	1 सेट	7 लाख रू.
2	**डमी लोड**	1	
3	लो पावर टू बे वीएचएफ एंटीना	1	

4	फोम डाईइलेक्ट्रिक आरएफ केबल (7/8")	40 मीटर	
5	1 केवीए यूपीएस, 30 मिनट बैकअप (1+1 हॉट स्टैंडबाय मोड) वाली मेंटेनेंस-फ्री बैटरी सहित	1	
6	विंडो एअर कंडीशनर	1	
7	30 मीटर स्तंभ/गेड मास्ट	1	
	स्टूडियो उपस्कर		
1	एनालॉग ट्रांसमिशन-सह-रिकार्डिंग स्टीरियो कंसोल	1	9.0 लाख रू.
2	प्रोफेशनल ग्रेड रैक माउंटेबल सीडी प्लेयर	2	
3	फोन-इन-प्रोग्राम कंसोल	1	
4	ऑन एअर सॉफ्टवेयर सहित पीसी ऑडियो वर्क स्टेशन	1 सेट	
5	संपादन तथा डबिंग हेतु पीसी ऑडियो वर्क स्टेशन ऑटोमेशन सॉफ्टवेयर	1 सेट	
6	1 केवीए यूपीएस, 30 मिनट बैकअप (1+1 हॉट स्टैंडबाय मोड) वाली मेंटेनेंस-फ्री बैटरी सहित	1 सेट	
7	एफ एम ट्यूनर	1	
8	स्टीरियो मॉनीटरिंग एंप्लिफायर्स	2	
9	स्टीरियो संवितरण एंप्लिफायर्स	1	
10	स्टूडियो मॉनीटरी हेड फोन	2	
11	टेबल स्टैंड सहित बहुदिशात्मक माइक्रोफोन (कंडेन्सर प्रकार का)	2	
12	एक दिशात्मक माइक्रोफोन (कंडेन्सर प्रकार का)	2	
13	सेमी प्रोफेशनल स्टीरियो कैसेट प्लेयर	1	
14	रिले सहित ऑन एअर लैंप	3	
15	विविध केबल तथा कनेक्टर्स	1 सेट	
16	लाउड स्पीकर (समरूप जोड़ा)	3 सेट	
17	इमरजेंसी लाइटें	3 सेट	
18	क्वाट्र्ज घड़ियां	3 सेट	
19	पैच कॉड्र्स (मोनो)	5 सेट	
20	19" उपकरण रैक (आधा)	1	
21	डिजीटल मल्टीमीटर	1	

22	कंपनरोधी माइक होल्डर सहित उद्घोषणा माइक हेतु 36" बूम स्टैंड	1	
23	स्प्लिट एअर कंडीशनर्स	2	
24	विविध फर्नीचर	एलएस	
25	रेडियो लॉगर उपकरण	1 सेट	
26	अकॉस्टिक ट्रीटमेंट, डक्टिंग आदि और अन्य संबंधित कार्य	1 लॉट	4.0 लाख रू.
	विविध कार्य/सेवाएं		
(i)	अधिष्ठापन, परीक्षण, प्रचालन	1 लॉट	अतिरिक्त
(ii)	हार्डवेयर तथा सॉफ्टवेयर प्रशिक्षण	1 लॉट	अतिरिक्त
(iii)	परामर्श शुल्क	1 लॉट	अतिरिक्त

(ड.) 25.0 लाख रू. का सीआरएस पैकेज

क्र.सं.	उपकरण	मात्रा	अंतरिम लागत
	ट्रांसमीटर उपस्कर		
1	50/100 वाट वीएचएफ एफएम ट्रांसमीटर(1+1 संरूपण) एक मानक 19" उपकरण रैक पर स्थापित ऑटो चेंजओवर यूनिट सहित	1 सेट	7 लाख रू.
2	**डमी लोड**	1	
3	लो पावर टू बे वीएचएफ एंटीना	1	
4	फोम डाईइलेक्ट्रिक आरएफ केबल (7/8")	50 मीटर	
5	1 केवीए यूपीएस, 30 मिनट बैकअप (1+1 हॉट स्टैंडबाय मोड) वाली मेंटेनेंस-फ्री बैटरी सहित	1 सेट	
6	30 मीटर स्तंभ/टावर	1	
7	1 टन विंडो एअर कंडीशनर	1	
	स्टूडियो उपस्कर		
1	डिजीटल ट्रांसमिशन-सह रिकार्डिंग स्टीरियों कंसोल	1	14.0 लाख रू.
2	सेमी प्रोफेशनल ग्रेड रैक माउंटेबल सीडी प्लेयर	2	
3	फोन-इन-प्रोग्राम कंसोल	1	
4	ऑन एअर सॉफ्टवेयर सहित पीसी ऑडियो वर्क स्टेशन	1 सेट	

5	संपादन तथा डबिंग हेतु पीसी ऑडियो वर्क स्टेशन ऑटोमेशन सॉफ्टवेयर	1 सेट	
6	1 केवीए यूपीएस, 30 मिनट बैकअप (1+1 हॉट स्टैंडबाय मोड) वाली मेंटेनेंस-फ्री बैटरी सहित	1 सेट	
7	एफ एम ट्यूनर	1	
8	स्टीरियो मॉनीटरिंग एंप्लिफायर्स	2	
9	स्टीरियो संवितरण एंप्लिफायर्स	1	
10	स्टूडियो मॉनीटरी हेड फोन	2	
11	टेबल स्टैंड सहित बहुदिशात्मक माइक्रोफोन (कंडेन्सर प्रकार का)	4	
12	एक दिशात्मक माइक्रोफोन (कंडेन्सर प्रकार का)	4	
13	प्रोफेशनल स्टीरियो कैसेट प्लेयर तथा रिकार्डर	1	
14	रिले सहित ऑन एअर लैंप	3	
15	विविध केबल तथा कनेक्टर्स	1 सेट	
16	लाउड स्पीकर (समरूप जोड़ा)	4 सेट	
17	इमरजेंसी लाइटें	4 सेट	
18	क्वार्ट्ज घड़ियां	4 सेट	
19	पैच कॉर्ड्स (मोनो)	5 सेट	
20	19" उपकरण रैक (आधा)	1	
21	डिजीटल मल्टीमीटर	1	
22	कंपनरोधी माइक होल्डर सहित उद्घोषणा माइक हेतु 36" बूम स्टैंड	1	
23	डक्टेबल एसी स्प्लिट यूनिट	2	
24	विविध फर्नीचर	एलएस	
25	अकॉस्टिक ट्रीटमेंट, डक्टिंग आदि और अन्य संबंधित कार्य	1 लॉट	4.0 लाख रू.
	विविध कार्य/सेवाएं		
(i)	अधिष्ठापन, परीक्षण, प्रचालन	1 लॉट	अतिरिक्त
(ii)	हार्डवेयर तथा सॉफ्टवेयर प्रशिक्षण	1 लॉट	अतिरिक्त
(iii)	परामर्श शुल्क	1 लॉट	अतिरिक्त

च. 27 लाख रू. का सीआरएस पैकेज

क्र.सं.	उपकरण	मात्रा	कुल कीमत (आईएनआर)
1	50 वाट एफएम ट्रांसमीटर	1+1	
2	ऑन एअर स्टूडियो हेतु ऑडियो मिक्सिंग कंसोल	1	
3	प्रस्तुतकर्ताओं तथा पैनलिस्टों के लिए माइक्रोफोन	3	
4	लघु एडजस्टेबल माइक्रोफोन स्टैंड	3	
5	नियर फील्ड मॉनीटरी	2	
6	हेड फोन स्टीरियो	5	
7	हेड फोन एंप्लिफायर	1	
8	कॉम्पैक्ट डिस्क प्लेयर	2	
9	ऑडियो वर्क स्टेशन ऑन एअर सॉफ्टवेयर	1	
10	संपादन तथा डबिंग हेतु सॉफ्टवेयर	1	
11	उपस्कर रैक	1	
12	पैच कॉर्ड्स (6) के साथ ऑडियो पैच पैनल 3x20	1	
13	ऑडियो संवितरण एंप्लिफायर	1	
14	सराउंड साउंड ट्रैक सृजित करने तथा एनहांस्ड प्रॉडक्शन हेतु सुविधा		
क	24 ट्रैक डिजीटल मिक्सर	1	
ख	वर्कस्टेशन सहित सॉफ्टवेयर एप्लिकेशंस	1	
ग	सराउंड साउंड मॉनीटरी	1	
15	फ्लैश कार्ड आधारित सुवाह्य रिकार्डर	1	
16	माइक्रोफोन	1	
17	यूपीएस	1	
18	डीजी सेट	1	
कुल			27,00,000

च. 11 लाख रू. का सीआरएस पैकेज

क्र.सं.	उपकरण	मात्रा	कुल कीमत (आईएन)
1	50 वाट – ट्रांसमीटर	1	
2	एंटीना सिस्टम	1	

4	हैडफोन	4	
6	ऑल-इन-वन सिस्टम	1	
7	माइक्रोफोन (बहुदिशात्मक)	2	
13	माइक्रोफोन स्टैंड – बूम	3	
15	टॉक बैक सिस्टम	1	
16	घड़ी	2	
17	औजार + अधिष्ठापन सामग्री	1 लॉट	
14	यूपीएस सिस्टम	1	
15	जेनरेटर	1	
कुल			11,00,000
टिप्पणियां :			
1	उपर्युक्त लागत सीमा-शुल्क समेत है।		
2	इस लागत में तकनीकी संभार शामिल नहीं है (पी/एस, एसी, तकनीकी फर्नीचर, मालभाड़ा, अग्रेषण तथा बीमा) ये चीजें अतिरिक्त होंगी।		
3	परामर्श तथा सिस्टम समेकन लागत अतिरिक्त होगी।		